
## एन०आइ०सी० - झारखंड में हर्षोल्लास से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस समारोह

80वाँ स्वतंत्रता दिवस समारोह एन०आइ०सी०-झारखंड राज्य केंद्र, रांची एवं राज्य के जिला केंद्रों में उत्साह, उमंग और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। कार्यालय परिसर को तिरंगे के रंगों से आकर्षक रूप से सजाया गया।



सभी ने पूरे उत्साह के साथ समारोह में भाग लिया, जबकि महिला वैज्ञानिकों और कर्मचारियों की टीम ने सजावट की योजना और उसके क्रियान्वयन में विशेष पहल करते हुए आयोजन को एक यादगार रूप दिया।

कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय गीत एवं राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया गया। सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से राष्ट्रहित को प्राथमिकता देते हुए पूरी निष्ठा, ईमानदारी और जनसेवा की भावना के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का आह्वान किया गया। सुशासन एवं नागरिक-केंद्रित सेवा वितरण को मजबूत करने में आइ०सी०टी० की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी प्रकाश डाला गया ।





इस अवसर पर सबों ने राज्य सरकार एवं नागरिकों को उत्कृष्ट आइ०सी०टी० सेवाएँ और तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। डिजिटल गवर्नेंस को मजबूत करने और ई-गवर्नेंस सेवाओं को प्रभावी ढंग से नागरिकों तक पहुँचाने के लिए एन०आइ०सी० की भूमिका पर भी जोर दिया गया।




राज्य के सभी जिलों में स्थित NIC केंद्रों पर भी स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजित किए गए, जिनमें जिला सूचना-विज्ञान अधिकारी (DIO), अतिरिक्त जिला सूचना-विज्ञान अधिकारी (ADIO), एफ.एम.एस./नेटवर्क इंजीनियर और कर्मचारियों ने भाग लिया। इन समारोहों ने राज्य के विभिन्न हिस्सों में जमीनी स्तर तक ई-गवर्नेंस सेवाओं के विस्तार के प्रति एन०आइ०सी० की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया।






समारोह का समापन सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच मिठाइयों एवं अल्पाहार के वितरण के साथ हुआ, जिसने आयोजन को सौहार्दपूर्ण और यादगार बना दिया।

*******

Government of India

Ministry of Electronics and Information Technology

**National Informatics Centre, Jharkhand**


## Independence Day Celebrations held at NIC Jharkhand

The 80th Independence Day Celebrations were observed with great enthusiasm, fervor and patriotic spirit at the NIC Jharkhand State Centre, Ranchi, and District Centres across the State. The office premises were attractively decorated in the colours of the National Flag.



Everyone participated in the celebrations with great enthusiasm, while a team of women scientists and employees took special initiative in planning and executing the decorations, giving the event a memorable touch.

During the program, the National Song and the National Anthem were sung collectively. All officers and employees were called upon to discharge their responsibilities with utmost dedication, integrity and a spirit of public service, keeping the national interest as the foremost priority. Emphasis was also laid on the significant role of ICT in strengthening good governance and citizen-centric service delivery.





On the occasion, everyone reaffirmed their commitment to provide high-quality ICT services and technical guidance to the State Government and citizens. Emphasis was also laid on the role of NIC in strengthening digital governance and ensuring effective delivery of e-Governance services to citizens.




Independence Day celebrations were also organised at NIC Centres located in all districts of the State, in which District Informatics Officers (DIOs), Additional District Informatics Officers (ADIOs), FMS/Network Engineers and other staff members participated. These celebrations demonstrated NIC's commitment to extend e-Governance services to the grassroots across different parts of the State.






The celebrations concluded with the distribution of sweets and refreshments among all officers and employees, making the occasion cordial, joyous and memorable.

*******